# वागड़ संदेश

Tital Code. : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक-9 सागवाड़ा, शुक्रवार, 3 सितम्बर, 2021 धिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


**सुविचार**

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

## युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**डूंगरपुर।**

जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के झिंझवा सेंगल महुडी गांव के जंगल में एक अगस्त शाम से लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। पुलिस के अनुसार झिंझवा सेंगल महुडी गाँव निवासी राजेन्द्र डामोर एक अगस्त की शाम 6 बजे अपने घर से निकला था उसके बाद से घर नहीं लौटा। देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों ने कल बिछीवाडा थाना में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। जिसके बाद उसकी तलाश की थी इस दौरान राजेन्द्र डामोर के फोन की लोकेशन उदयपुर जिले में बता रही थी। वही आज सुबह राजेन्द्र डामोर का शव गाँव के पास में ही जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला। सुचना पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुँचाया। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गलियकोट मार्ग पर तोड़े जा रहे अतिक्रमण, चौड़ी की जा रही सड़क

### नगर पालिका ने पीडब्ल्यूडी को रोड लाइट, डीवाइडर और फुटपाथ बनाने के दिये निर्देश

**सागवाड़ा।**

गलियकोट मार्ग जल्द ही पहले से चौड़ा और सुंदर दिखाई देगा। नगरपालिका ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। शहरी क्षेत्र में गलियकोट सागवाड़ा सड़क की चौडाई बढ़ाने का काम जल्द ही शुरू होगा। नगर पालिका की ओर से उक्त मार्ग पर अतिक्रमण हटाकर सड़क के लेवल में खुदाई की जा रही है। गलियकोट मोड से कालोनी तक शहरी सीमा में आने वाली सड़क की चौड़ाई बढाने को लेकर सागवाड़ा नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है। खोडनिया ने बताया कि गलियाकोट मार्ग को सुंदर बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी को रोडलाइट लगाने, डिवाइडर और फुटपाथ बनाने को कहा है। पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग जयपुर की ओर से मुख्य मार्ग को चौड़ा करने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश मिले थे। इसके बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से चर्चा कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने को कहां है। पालिका की ओर से विभाग को पूरा सहयोग किया जाएगा। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाता है।



गलियकोट मार्ग पर अतिक्रमण हटाकर चौड़ी की जा रही सड़क।

सड़क चौड़ी होने से इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा। खोडनिया ने बताया कि उक्त पूरी सड़क 100 फीट की है लेकिन सड़क के दोनों ओर कही भराव तो कहीं अतिक्रमण कर लिया गया है। गलियकोट मोड से शहरी सीमा तक अतिक्रमण हटाने और सड़क का लेवल मिलाने का कार्य किया जा रहै। यह कार्य पूरा होने के बाद पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण के लिये कहा जाएगा।

## अवैध विस्फोटक पर कार्रवाई, ट्रैक्टर की तलाशी में मिली 28 जिलेटिन की छड़े

### 26 डेटोनेटर, अवैध खनन में होता है इस्तेमाल, 2 साल पहले भी पकड़ा था

**डूंगरपुर।**

अवैध विस्फोटक के खिलाफ जिला स्पेशल पुलिस टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की हैं। डीएसटी ने बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास एक ट्रैक्टर से अवैध विस्फोटक बरामद किया, जिसका इस्तेमाल अवैध खनन कार्यो में किया जाता है। वही डीएसटी ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर कोतवाली थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि अवैध विस्फोटक लेकर एक ट्रैक्टर बिछीवाडा से डूंगरपुर की ओर आ रहा है। इस पर डीएसटी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, यशपालसिंह, पंकज व कोतवाली थाने से सोहनलाल की टीम ने बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास जांच शुरू की तो बिछीवाड़ा की ओर से ट्रैक्टर आते हुए नजर आया, जिसे रुकवाकर पूछताछ की तो चालक ने सही जवाब नहीं दिया। इस पर पुलिस ने ट्रैक्टर के बॉक्स की तलाशी की तो उसमें अवैध विस्फोटक भरा हुआ मिला। ट्रैक्टर से 28 जिलेटिन की छड़े, 26 डेटोनेटर, वायर, डायनेमो बरामद किए है।

चालक देवीलाल बैरवा निवासी देबीपुरा जिला भीलवाड़ा अवैध विस्फोटक को लेकर कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया, जिस पर उसे हिरासत में ले लिया।इसके बाद डीएसटी ने जब्त ट्रैक्टर और विस्फोटक को कोतवाली थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## एलएचवी व एएनएम संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर।**

डूंगरपुर। जिले में एलएचवी व एएनएम संघ अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा और संघ ने जिला कलेक्टर को अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। इस मौके पर संघ की जिला अध्यक्ष प्रीति भट्ट ने बताया की कोरोना संक्रमण में एलएचवी व एएनएम निरंतर दिन व रात अपनी सेवाए दे रही है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले रविवार सहित अन्य अवकाश एलएचवी व एएनएम को नहीं दिया जा रहा है जबकि ये अवकाश चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ व पैरामेडिकल स्टाफ को दिया जा रहा है। ऐसे में एलएचवी व एएनएम संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए राजकीय अवकाश के दिन एलएचवी व एएनएम को राजकीय कार्य से मुक्त रखने, कोविड प्रोत्साहन राशि दिए जाने, कोविड टीकाकरण स्थल पर आमजन द्वारा जघन्य घटनाओं से सुरक्षा दिए जाने सहित अन्य मांगो को पूरा करने की मांग की है।

### भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से लूटपाट के मामले में फरार

## 2 आरोपी गिरफ्तार, 10 हजार की नगदी समेत पर्स लूटकर हो गए थे फरार

**डूंगरपुर।** ढाई महीने पहले भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से लूटपाट के मामले में फरार 2 आरोपियों दोवड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने कर्मचारियों से मारपीट कर 10 हजार रुपए व पर्स लूट लिए थे। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि 26 जून को भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी प्रदीपसिंह राणावत व हरफूलसिंह जाट निवासी चणालिया भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि 23 जून को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से लोन की किश्तें वसूली के लिए पगारा में इंद्रा देवी के घर गए थे।

वहां से निकलने पर रास्ते में 2 बाइक पर 4 बदमाश मिले और मारपीट करते हुए पर्स लूट लिया, जिसमें 10 हजार रुपये की नगदी ओर जरूरी दस्तावेज थे।

# REET अभ्यर्थी रोडवेज में करेंगे मुफ्त यात्रा

### महिला और दिव्यांग अभ्यर्थियों को जिले के नजदीक मिलेगा परीक्षा केंद्र

**जयपुर।** REET अभ्यर्थियों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। 26 सितंबर को प्रदेशभर में होने जा रही परीक्षा के दौरान 16 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी रोडवेज बस में फ्री में सफर कर पाएंगे। साथ ही, महिला और दिव्यांग अभ्यर्थियों को जिले के नजदीक ही परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएंगे।



शुक्रवार को जयपुर में शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने इसकी घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 4 हजार से ज्यादा केन्द्रों पर REET का आयोजन होगा। इसके लिए सरकारी, निजी स्कूल और कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा से आधे घंटे पहले केन्द्र पर पहुंचना होगा। सभी जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में 8 सदस्यों की कमेटी का गठन किया जाएगा। जिलें में परीक्षा को पारदर्शी करवाने के साथ ही कोरोना गाइडलाइन का पालन हो, कमेटी यह सुनिश्चित करेगी। साथ ही, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की पूरी वीडियोग्राफी कराई जाएगी, ताकि परीक्षा में किसी भी तरह की बेईमानी न हो।

## कल सभी सीएचसी व पीएचसी पर मेगा कोरोना वेक्सिनेशन शिविर लगेंगे

**डूंगरपुर।**

जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने आज कलेक्ट्रेट के आईटी केंद्र में कोरोना वेक्सिनेशन को लेकर वीसी के जरिये स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। आईटी केंद्र में वीसी के जरिये हुई बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, डब्ल्यूएचओ से डॉ अक्षय व्यास व टीकाकरण प्रभारी डॉ के एल पलात व सभी ब्लोक्स से ब्लाक सीएमएचओ व अन्य डॉक्टर्स शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में अब तक हुए कोरोना वेक्सिनेशन की जानकारी ली। इस दौरान सीमलवाडा, बिछीवाडा व गलियाकोट ब्लोक में कम वेक्सिनेशन पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने बैठक में कल जिले की सभी सीएचसी व पीएचसी पर मेगा कोरोना वेक्सिनेशन शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने चिकित्साधिकारियों को टीकाकरण में कोई भी कोताही नहीं बरतने के लिए कहा साथ ही कोताही बरतने पर चार्जशीट के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी। बैठक में कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियो व अन्य विभागों के अधिकारियो का सहयोग लेते हुए कल कोरोना टीकाकरण के मेगा शिविर को सफल बनाने के निर्देश दिए।

## डूंगरपुर में जब्त की 35 किलो पॉलीथिन, लगाया 8 हजार का जुर्माना

**डूंगरपुर।** परिषद द्वारा शुरू किए गए गौ एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में शहरवासी पॉलीथिन केरी बैग्स का उपयोग नहीं करे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करे ये बात नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने शहरवासियों को एक प्रेस विग्यप्ति जारी कर कही। शुक्रवार को अभियान के अंतरगर्त टीम परिषद द्वारा 38 किलो पॉलीथिन केरी बैग्स किया और 8 हजार रूपये का जुर्माना वसूला। नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित के निर्देश पर टीम परिषद द्वारा शहर के सब्जी विक्रेताओं और किराणा व्यापारियों के वहा पॉलीथिन केरी बैग्स जब्त किये गए और पॉलीथिन केरी बैग्स का उपयोग नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया।

नगरपरिषद के सभापति अमृत कलासुआ ने बताया की परिषद के गौ एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान और शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने के उद्देश्य से टीम परिषद द्वारा शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाने को लेकर प्रतिदिन पॉलीथिन केरी बैग्स जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है,पॉलीथिन केरी बैग्स में सामान देना और लेना, दोनों कानूनी अपराध है इसलिए केरी बैग्स में सामान न तो खरीदे और नहीं बेचे।

## प्रारंभिक शिक्षा ब्लॉक रैंकिंग प्रभारियों की बैठक हुई

**सागवाड़ा।**

सागवाड़ा ब्लाक अंतर्गत पुनर्वास कॉलोनी में सीबीईओ कार्यालय में प्रारंभिक शिक्षा ब्लॉक रैंकिंग प्रभारियों की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र जी पंड्या ने की। मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजी खाट थे।विशिष्ट अतिथि अर्जुन लाल पारगी पीईईओ सेलोता, नानूराम बुनकर पीईईओ नंदोड, राजेंद्र डेंडोर थे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजी खाट ने कहा कि शाला दर्पण रैंकिंग में ब्लॉक में रैंकिंग के कार्य की गति बढ़ाने की आवश्यकता बताई, जिसमें प्रति रैंकिंग प्रभारी एक कार्य करने की आवश्यकता पर बात कही। अर्जुन पारगी ने कहा कि शाला दर्पण रैंकिंग में भौतिक सुख सुविधाओं के साथ विभागीय कार्य के आकलन को भी दर्शाता है एवं आवश्यक कार्य को शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाना है। जिसमें प्रत्येक रैंकिंग प्रभारी जन सहयोग, पैन कार्ड, आधार, भामाशाह योगदान, अनुपयोगी सामग्री निस्तारण, कक्षा कक्षा प्रविष्टि, कक्षा 1 में 10% वृद्धि एवं विधालय में संपूर्ण नामांकन में 10% वृद्धि करने पर जानकारी दी। नानूराम बुनकर ने रैंकिंग बढ़ोतरी में सहयोग कर उसमें समाईल03 के कार्य को समय पर पूर्ण करने का आश्वासन दिलाया एवं कार्य को ओनलाइन कर रैंकिंग बढ़ाने में सहयोग करने प्रेरित किया,।गणेश लाल पुजोत ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जयप्रकाश भरडा, शरद जोशी, बहादुर सिंह, दिलीप जोशी, प्रकाश चन्द्र ननोमा, युवराज सिंह चौहान,रमेश चंद्र जोशी, रामलाल परमार ,उपेंद्र पंचाल, प्रभा शंकर डिंडोर, नवीन जैन, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक जोशी एवं आभार केशव डागुर ने व्यक्त किया।

### जिले में लूट-पाट व वाहनों पर पथराव की घटनाएं बढ़ी, लोगों में भय

## डूंगरपुर में बढती आपराधिक घटनाओं के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले में बढती आपराधिक घटनाओं के विरोध में राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ आज कलेक्ट्रेट पहुंचा जहा पर महासंघ ने जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन देकर घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग की है। इस मौके पर राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष धनेश्वर पंड्या ने बताया की वर्तमान में जिले में लूट-पाट व वाहनों पर पथराव की घटनाएं बढती जा रही है। रात्री में लोगो का बाहर से आना-जाना मुश्किल हो गया है मार्ग में आने-जाने वाले लोगो के वाहनों पर पथराव किया जाता है लूट पाट की जा रही है। जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है जिससे आमजन में भय व्याप्त है। इतना ही नहीं अब तो अपराधी बेख़ौफ़ होकर घरो में घुसकर भी मारपीट व लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। ऐसे में राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन देकर आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड थर्ड भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** जिले में पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड थर्ड भर्ती में चयनित अभ्यर्थियो ने भर्ती के तहत काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण कर आज ही नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वही एडीएम को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड थर्ड भर्ती में चयनित अभ्यर्थियो ने बताया की माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 3 सितम्बर को प्रदेश के सभी जिलो में काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण कर उसी दिन नियुक्ति दिए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद प्रदेश के अन्य सभी जिलो में रिक्त विद्यालयों की सूचि एवं वरीयता जारी कर दी गई है लेकिन डूंगरपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले में लापरवाही बरती गई और रिक्त विद्यालयों की सूचि एवं वरीयता जारी नहीं की गई है। ऐसे में चयनित अभ्यर्थियो ने एडीएम को ज्ञापन देकर भर्ती के तहत काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण कर आज ही नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग की है।

# हत्यारों को फांसी दिलवाने के लिए बीटीपी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा




राष्ट्रीय के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे बीटीपी के कार्यकर्ता।

**सागवाड़ा।**

सागवाड़ा। हत्यारों को फांसी दिलवाने के लिए भारतीय ट्राइबल पार्टी ने शुक्रवार को महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय ट्राइबल पार्टी के प्रदेश सचिव पवन सरपोटा, जिला उपाध्यक्ष देवीलाल अहारी, मंडल अध्यक्ष हरीश डामोर, रामलाल व कार्यकर्ताओं ने बताया कि मध्य प्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र के कन्हैयालाल भील को बंधक बनाकर पीटना तथा वाहन के पीछे रस्सी से बांधकर निर्ममता पूर्वक घसीटा जिससे उसकी मौत हो गई। दरिंदगी की हद तक मानवता को शर्मसार कर गई। जब दांडव नृत्य वीडियो के रूप में आरोपियों ने जग जाहिर किया। उक्त घटना के बाद देश के समस्त आदिवासी समाज दुखी, चिंतित एवं आक्रोशित है देश को पूछना चाहता है कि दरिंदो की दरिंदगी को हवा देने वाला कौन है हम यह महसूस कर रहे हैं कि यह कृत्य आदिवासियों में खौफ पैदा करने की सोची समझी साजिश है पर अब इनके मंसूबे पूरे नहीं होंगे जब तक आरोपियों को मौत की सजा नहीं होगी चुप नहीं बैठेंगे। अत: दरिंदों को फांसी की सजा मिले ऐसी कार्रवाई हो तथा परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाई जाए, आशा है शासन प्रशासन मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कठोर एवं शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की।

### नए आए सीआई भैयालाल को धंबोला,

## भानुप्रताप सिंह को हटाकर एसआई गोविंदसिंह को चितरी थानाधिकारी लगाया

**डूंगरपुर।**

जिले के तीन पुलिस अधिकारियों का शुक्रवार तबादला किया गया। पिछले दिनों से खाली पड़े धंबोला थाने को नया थानाधिकारी मिल गया है तो वहीं चितरी में भी नया थानाधिकारी लगाया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने शुक्रवार शाम को दो आदेश जारी किए। इसमें सर्कल इंस्पेक्टर भैयालाल को धंबोला थानाधिकारी लगाया गया है। भैयालाल हाल ही प्रतापगढ जिले से ट्रांसफर होकर डूंगरपुर आये है। धंबोला सीआई का पद पिछले दिन दलपतसिंह का उदयपुर तबादला होने के बाद से खाली पड़ा था। इसके अलावा दूसरे आदेश में दो एसआई के तबादले किए गए है। चितरी थानाधिकारी भानुप्रतापसिंह को हटाकर कोतवाली में लगाया है, जबकि कोतवाली में लगे एसआई गोविंदसिंह को चितरी में थानाधिकारी लगाया गया है। नए अधिकारियों पर अब जिले में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी।